## कृषि मंडी में आवंटित भूखंडों की हो जांच, सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेस महासचिव ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मामले में दो मंडी सचिव हो चुके हैं निलंबित




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नवीन कृषि उपज मंडी में आवंटित हुए भूखण्डो का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है, जहां शिकायत के बाद हुई जांच में तत्कालीन मंडी सचिवों पर कार्रवाई की गई है, जिसके चलते दो मंडी सचिवों का निलंबित किया गया। तो वहीं इन आवंटित की निष्पक्ष की जांच अब तेज हो चली है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस के पूर्व महासचिव अशोक शर्मा बडे भैया ने भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया पर बरती गई लापरवाही की जांच की मांग की है, तो वहीं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की गई है।

सोमवार को कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि कृषि उपज मंडी में भूखण्ड (फड, प्लाट) वितरण के नाम पर गंभीर अनियमितताएं एवं घोटाले सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार, संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए कूटरचना फर्जी दस्तावेज तैयार कर फड़ों का आवंटन किया गया है, जिससे पात्र व्यक्तियों के अधिकारों का हनन हुआ है। इस पूरी प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फड़ आवंटन किये गये, जिसमें अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया। वहीं शासन के नियमों एवं पारदर्शिता की खुली अवहेलना की गई। इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग कर आर्थिक लाभ लेने की आशंका जाहिर की है।

### दोषियों पर हो कार्रवाई, आवंटन प्रक्रिया की जाए निरस्त:



जिले की मुख्य मंडियों में शुमार स्थानीय कृषि उपज मंडी में भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई, जो सामने भी आ चुकी है। अधिकारियों का यह कृत्य न केवल भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है, जिससे शासन की छवि धूमिल हुई है और आम किसानों एवं व्यापारियों का विश्वास टूट रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिससे दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल FIR प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए तथा फर्जी तरीके से किए गए भूखण्ड आवंटन निरस्त किए जाएं। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## कम उम्र में कराया विवाह, तो पंडित से लेकर बाराती होंगे जिम्मेदार, दल गठित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर साकेत मावलीय द्वारा दलों का गठन किया गया है, जो कि 20 अप्रैल अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाह पर निगरानी रखते हुए पूरे वर्ष अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम करेंगे। इसके अलावा बाल विवाह की सूचना हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है। जिसका दूरभाष न. 07543 220065 है, जिस पर आमजन सूचना दे सकते है। वहीं कंट्रोल रूम पर संबंधित प्रभारी अपने दल के साथ पूरे समय अपने कार्यक्षेत्र पर उपस्थित रहकर जैसे ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर कार्यवाहीं की जाएगी। वहीं विवाह के दौरान वर या वधु की आयु कम पाई जाती है, विवाह करने वाले परिवार सहित बाराती और पंडितों पर कार्रवाई की सकती है।

दरअसल कलेक्टर द्वारा बनाए गए जांच दलो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अधिकार अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाहों में वर-वधुओं की आयु के प्रमाण पत्रों का अवलोकन करेंगे। किसी भी परिस्थिति में वर की आयु 21 वर्ष से कम तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो। वर अथवा वधु की आयु कम पाए जाने पर बाल विवाह रोकने का प्रयास करेंगे अन्यथा वैधानिक कार्यवाही करेंगे। वहीं उड़नदस्तों के दलों द्वारा यदि उनके क्षेत्राधिकार में कोई बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले जैसे बाल विवाह में सम्मिलित बाराती, गार्डन मालिक, टेन्ट हाउस मालिक, खाना बनाने वाले रसोईया, केटरर, काजी, पंडित तथा पत्रिका छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है।

### जांच दल में ये लोग हैं शामिल:

बाल विवाह रोकने के लिए बनाए गए जांच दल बनाए गए है, इनमें एसडीएम राजस्व, एसडीओपी पुलिस, सीएमएचओ, बीएमओ अशोकनगर,खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड ,थाना प्रभारी थाना-कोतवाली थाना क्षेत्र थाना कोतवाली ,थाना प्रभारी थाना-देहात थाना क्षेत्र थाना देहात अशोकनगर,बाल कल्याण अधिकारी थाना कोतवाली थाना क्षेत्र थाना कोतवाली अशोकनगर,परियोजना अधिकारी संबंधित क्षेत्र की समस्त सुपरवाईजर होगीं। इसके अलावा मुंगावली, चंदेरी और ईसागढ़ में भी एसडीएम के नेतृत्व में टीम बनाई गई है।

## एक नजर में

### देवर ने की भाभी के साथ की मारपीट

**अशोकनगर।** नईसराय थाना अंतर्गत ग्राम बीसोर में भाभी के साथ देवर ने मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गई, जिसकी रिपोर्ट महिला द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रजनी पत्नि रामसिंह सपेरा से उसके देवर दीपक सपेरा ने विगत दिवस पहले से किसी बात से नाराज होकर गाली-गलौच की और उसके बाद लाठी-डंडे से मारपीट की, जिसमें उसे काफी चोटे आई है। वहीं पुलिस ने महिला की शिकायत पर देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तौल न होने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम, समझाइश पर हटे

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम रातीखेड़ा में बनाए गए खरीदी केंद्र पर उपज तौल प्रारंभ न होने से नाराज किसानों ने चक्काजाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनो ओर वाहनों की कतार लग गई। वहीं चक्काजाम की सूचना जैसे ही पुलिस प्रशासन को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइस दी। जिसके बाद चक्काजाम खुल सका और पूर्व भाति यातायात प्रारंभ हुआ।

दरअसल किसानों की उपल तौल के लिए रातीखेड़ा स्थित वेयर हाउस पर खरीदी केंद्र बनाया गया है, जहां बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज तौल के लिए लेकर पहुंचे थे, लेकिन बार-बार उन्हें तौल को लेकर इनकर करते रहे, जिसके कारण किसानों ने नाराज होकर सड़क पर ट्रेक्टर ट्राली लगाकर चक्काजाम कर दिया। जो अधिकारियों के आश्वासन के बाद खोला गया।

### 52 पत्तों के साथ पांच गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सेहराई पुलिस ने माता मोहल्ला में जुआ के फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनसे करीब दो हजार रूपये और ताश की गिड्डी जब्त की गई है।

## झोलाछाप की लापरवाही ने ली महिला की जान

### दांत का इलाज कराने के लिए गई थी महिला, डॉक्टर पहले भी जा चुका है जेल




**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** नगर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठेंगा दिखाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक और परिवार उजड़ गया। दांत निकलवाने गई एक महिला की गलत इंजेक्शन और बिना सूझबूझ के किए गए इलाज के कारण मौत हो गई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया है।

दरअसल चंदेरी के पसियापुरा जागेश्वरी मोहल्ला निवासी रेखा बाई उम्र 50 वर्ष पत्नि भगवान दास कोली, अपनी दाढ़ (दांत) निकलवाने के लिए नगर के चर्चित (घंटी वाले डॉक्टर) के पास गई थीं। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने बिना किसी जांच-पड़ताल और बिना यह पूछे कि महिला ने कुछ खाया-पिया है या नहीं, सीधे इंजेक्शन लगा दिया और उसकी दाढ़ निकाल दी। इलाज कराकर महिला जैसे ही अपने घर पहुंची, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसने दम तोड़ दिया। घबराए परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### परिजनों का आरोप गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मौत:

महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर ने बिना किसी सूझबूझ के गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे महिला की तत्काल मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### प्रशासन ने की कार्रवाई:

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस सक्रिय हुई। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घंटी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दी। तो वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि होगी। यह बड़ा सवाल यह है कि आखिर एक बार जेल जाने के बाद भी यह झोलाछाप डॉक्टर दोबारा क्लीनिक कैसे खोल पाया? प्रशासन की ढिलाई और लोगों की जागरूकता में कमी का खामियाजा एक मासूम महिला को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।

### पुराना अपराधी है झोलाछाप डॉक्टर:

यह पहली बार नहीं है जब इस डॉक्टर की बजह से किसी की जान गई हो। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले भी एक मासूम बच्चे की मौत इसके गलत इलाज से हुई थी। उस मामले में भी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था और उसे जेल की सजा काटनी पड़ी थी। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से मौत का कारोबार शुरू कर दिया।



## न्यायाधीश मानसी के स्थानांतरण पर पठान लॉ चेम्बर्स ने दी विदाई

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** प्रथम श्रेणी न्यायधीश मानसी अग्निहोत्री का स्थानांतरण चंदेरी से जबलपुर न्यायालय में हो गया। इस अवसर पर पठान ला चेम्बर्स ने उनका स्वागत और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पठान ला चेम्बर्स के कंवीनर सीनियर एडवोकेट इदरीश खान पठान ने कहा कि न्यायधीश अग्निहोत्री मेडम चंदेरी में ट्रेनी के रूप में यहां आई थी और यही आपकी पहली पोस्टिंग भी हो गई, तीन वर्षीय न्यायलयीन कार्य में मेडम अपने स्वभाव और व्यवहार को लेकर हम लोगों के बीच एक अमिट छाप छोड़ कर जा रही है। कभी किसी से जोर से ना बोलने वाली न्यायाधीश अपने स्टाफ से भी कभी जोर से नहीं बोली और हमेशा उन्हें भैया कहकर ही संबोधित किया।

आपकी कार्यशैली को देखकर कोई नहीं कह सकता कि आप अभी जूनियर हैं मैं न्यायाधीश सुश्री मानसी अग्निहोत्री को अपनी शुभकामना एं देता हूं और कामना करता हूं कि आप जहां भी रहे खूब तरक्की करें।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा

**महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंद्रसेना भिडे के मार्गदर्शन में होंगे सारे कार्यक्रम**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** महिला बाल विकास विभाग अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन में जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़े की शुरुआत हो गई है। इस दौरान सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बच्चों को जानकारी दी गई। विभाग की पर्यवेक्षक प्रियंका पवार ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रम के तहत दिनांक 13 अप्रैल को बाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना, मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा महिलाओं व बच्चों को बेहतर पोषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में मोटे अनाजों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो-कुटकी आदि से बनने वाली पौष्टिक सामग्री का प्रदर्शन कर उनके लाभ बताए गए। कुपोषण दूर करने के लिए अन्न को दैनिक आहार में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। महिला एवं बच्चों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले पोषण लाभों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

प्रतिभागियों ने मोटे अनाजों को अपनाने और पोषण के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम सही पोषण, देश रोशन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें वार्ड की सेक्टर कार्यकर्ता, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक

**शहर में निकाला मशाल जुलूस**

**टीईटी को बताया शिक्षकों के खिलाफ काला कानून**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के विरोध में शिक्षकों द्वारा विरोध दर्ज कराया रहा है, जहां पहले विधायक से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। तो वहीं रविवार की देर शाम मशाल जुलूस निकालकर इस परीक्षा का विरोध किया। तो वहीं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे।

दरअसल रविवार शाम अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं गांधी पार्क पर एकत्रित हुए। जहां से मशाल जुलूस निकाला गया, जो स्टेशन रोड, तुलसी पार्क होते हुए पुन: गांधी पार्क पर आकर संपन्न हुआ। पूरे जुलूस के दौरान शिक्षकों ने हाथों में मशाल लेकर शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी तरीके से अपनी मांगों को प्रस्तुत किया।

इस दौरान राज्य अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल शिवहरे ने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की है, जिसे अंतिम सांस तक लड़ा जाएगा। उन्होंने टीईटी को शिक्षकों के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे काला कानून करार दिया। वहीं राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार को इस विषय में गंभीरता दिखाते हुए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए तथा निर्णय आने तक जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर टीईटी परीक्षा पर रोक लगाने के आदेश जारी करने चाहिए। इसके अलावा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने बताया कि यह संघर्ष पूरे प्रदेश में संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। जिसके चलते आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले आंदोलन की तैयारी के रूप में आयोजित किया गया है। वहीं संयुक्त मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि टीईटी से संबंधित प्रावधानों में संशोधन हेतु संसद में अध्यादेश लाया जाए तथा वर्ष 2011 तक नियुक्त शिक्षकों को इस परीक्षा से मुक्त किया जाए। मोर्चा का कहना है कि पूर्व में भी केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश के माध्यम से कई कानूनों में संशोधन किए गए हैं, अत: देशभर के लगभग 25 लाख शिक्षकों के हित में टीईटी से जुड़े प्रावधानों में शीघ्र आवश्यक बदलाव किया जाना चाहिए।

**परीक्षा से प्रभावित होंगे शिक्षक:**

इस दौरान शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा से मध्यप्रदेश के लगभग 70 हजार तथा देशभर के करीब 25 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं, जिससे शिक्षकों में व्यापक असंतोष और मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। 18 अप्रैल को हजारों शिक्षक भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री के सामने अपनी मांगों को सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। इसके अलावा 29 मार्च को भोपाल में प्रदेश के 12 शिक्षक संगठनों द्वारा संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत सभी संगठन मिलकर यह संघर्ष कर रहे हैं।

**कार्यक्रम**

**विधायक ने किया माल्यार्पण, एक हफ्ते तक चलेंगे आयोजन**

## अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा के गांव-गांव में कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** सोमवार को बाबा साहब अंबेडकर जयंती के अवसर पर जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया, तो वहीं भाजपा द्वारा एक हफ्ते तक बाबा साहब की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें गांव-गांव पहुंचकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार के नगर के जेल तालाब पर स्थित आंबेडकर भवन के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला, मंडल और बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक हफ्ते तक चलने वाले कार्यक्रम में जिन स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाएं या लाइब्रेरी हैं, वहां 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की जाएगी और शाम को दीप प्रज्वलित किया जाएगा। 14 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। भाजपा 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अंबेडकर जयंती को पखवाड़े के रूप में मनाएगी। जिसके तहत हर गांव या शहर में जहां 100 एससी परिवारों से ज्यादा रहते हैं वह बाबा साहेब का जीवन परिचय बताया जाएगा। वही भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माता को कांग्रेस शासन में वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे हकदार थे, क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेंद्र जैन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, विवेक यादव जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, पूर्व बीआरसीसी हरिराम अहिरवार, आलोक इटोरिया जनपद सीईओ, दातार सिंह यादव, शिक्षक श्याम बिहारी शर्मा, शिक्षक धर्मेंद्र जैन, सहित कायक्रम में सामाजिक बंधुओं, नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## चमराई में सिद्ध स्थान पर हुआ गीता स्वाध्याय



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सिद्ध स्थान ग्राम चमराई में वरुथिनी एकादशी के अवसर पर श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 14 गुणत्रयविभागयोग का स्वाध्याय किया गया। इस दौरान अध्याय 14 श्लोक 9 में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं हे अर्जुन! सत्त्वगुण सुख में लगाता है और, रजोगुण कर्म में तथा तमोगुण तो ज्ञान को ढककर प्रमाद में भी लगाता है। श्लोक 18 में कहते हैं सत्त्वगुण में स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं, रजोगुण में स्थित राजस पुरुष मध्य में अर्थात् मनुष्यलोक में ही रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्यादि में स्थित तामस पुरुष अधोगतिको अर्थात् कीट, पशु आदि नीच योनियोंको तथा नरकोंको प्राप्त होते हैं। इस मौके पर सभी गीत प्रेमियों ने एकादशी के अवसर पर प्रति गुरुवार साप्ताहिक श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करने का संकल्प लिया और इसी क्रम में अगले आयोजक बने महेंद्रसिंह लोधी बने। इस अवसर पर गीतव्रती रामबली यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर मप्र**

क्र /री-1/2026

अशोकनगर दिनांक 10/04/2026

**//विज्ञप्ति//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरेन्द्रसिह पुत्र गेंदालात जाति कुशवाह निवासी ग्राम पिपरिया काछी ने अपनी मां मुन्नीवाई की मृत्यु दिनांक 16/09/1998 को होना बताया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमे किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर में उपस्थित होकर दिनांक 24/04/26 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 10/04/26 के मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील-अशोकनगर**